हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 मई 2026

04 कलेक्टर के अग्नि सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी...

07 कलेक्टर के अग्नि सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी का आरोप...

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर गांव-गांव पहुंच रहे कृषि वैज्ञानिक

गुना। कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत खरीफ फसलों की तैयारी एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 16 मई से 25 मई तक सभी ग्राम पंचायतों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा किसान चौपाल आयोजित की जा रही हैं।चौपालों में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा भी किसानों को योजनाओं एवं स्वरोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है।

जनसुनवाई में सुनी गईं 315 समस्याएं, दिए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश

गुना। शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य एवं नामांतरण से संबंधित कुल लगभग 315 आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई के दौरान दो जरूरतमंदों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर तत्काल चेक प्रदान किए गए। इनमें शहनाज (बूढ़े बालाजी) जो कैंसर रोग से पीड़ित हैं तथा लोकेन्द्र भदौरिया (नानाखेड़ी) शामिल हैं, जिन्होंने उपचार हेतु सहायता की मांग की थी।इसी प्रकार दिव्यांगजनों के आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए दो हितग्राहियों को ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई गई। इनमें मनोहर सहरिया (ग्राम कोंतर, बमौरी) एवं अजबसिंह सहरिया (ग्राम चक्क सिंगवासा, गुना) शामिल हैं, जो 80 प्रतिशत अस्थिबाधित हैं। ट्रायसाइकिल मिलने पर दोनों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी जांच, निःशुल्क कानूनी सहायता सहित विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम गुना शिवानी पांडे उपस्थित रहे।

भैंसाना में 151 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

राघौगढ़ (भैंसाना)। सोमवार से शुरू हुए 151 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 18 मई से 28 मई तक चलने वाले इस 11 दिवसीय महायज्ञ में प्रतिदिन वेदी पर यजमानों द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा है। साथ ही 108 रामायण पाठ एवं 108 सुंदरकांड पाठ का वाचन भी निरंतर जारी है।आयोजन में शामिल अभिनेता आशुतोष राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु साक्षात भगवान का स्वरूप होते हैं। जब ईश्वर की इच्छा होती है तो वह गुरु के रूप में भक्तों के समक्ष प्रकट होते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा जब साकार होता है तो वह गुरु का रूप ले लेता है।शुभारंभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति की तपस्या, लगन और निष्ठा का परिणाम है, जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना चाहिए। वहीं पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने आयोजन में आए संतों, अतिथियों का स्वागत करते हुए महायज्ञ की सफलता की कामना की।उद्बोधन के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अभिनेता आशुतोष राणा एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने हजारों श्रद्धालुओं के साथ महाआरती में भाग लिया।विधायक जयवर्धन सिंह सपरिवार भी यज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने वेदी पूजन एवं हवन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर 108 रामायण, 108 श्रीमद्भागवत एवं 18 पुराणों के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।



आस्था के रास्ते पर मातमः महायज्ञ में जाने निकले किशोर की मौत

शादी से लौट रहे व्यक्ति ने भी गंवाई जान एक ही शाम में दो हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सड़क पर लापरवाही और रफ्तार का कहर एक बार फिर से देखने को मिला है।जिले में सोमवार की शाम जहां एक ओर राघौगढ़ क्षेत्र के भैंसाना में चल रहे श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी, वहीं दूसरी ओर दो दर्दनाक सड़क हादसों ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं।

एक हादसे में महायज्ञ देखने जा रहे 15 वर्षीय किशोर की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में शादी समारोह से लौट रहे एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर से टकराकर दम तोड़ दिया। दोनों घटनाओं में दो लोगों की मौत और दो अन्य के घायल होने से जिले में शोक का माहौल है।

महायज्ञ की ओर बढ़ रहे थे कदम, रास्ते में थम गई जिंदगी

पहली घटना राघौगढ़ क्षेत्र के आवन गांव के पास नेशनल हाईवे पर हुई।

राजस्थान के बारां जिले के लक्ष्मण कोटरा गांव निवासी 15 वर्षीय कान्हा वाल्मीकि अपने मामा गोविंद वाल्मीकि के साथ बाइक से भैंसाना में चल रहे श्रीराम महायज्ञ में शामिल होने जा रहा था।बताया गया है कि शाम करीब 7 बजे दोनों हाईवे किनारे रुके हुए थे।

तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कान्हा सीधे ट्रक के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल गोविंद वाल्मीकि को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

शादी की खुशियां बदलीं मातम में

दूसरा हादसा कुंभराज क्षेत्र में हुआ। मोहनपुर गांव निवासी 51 वर्षीय सूरज मीणा परिवार में आयोजित शादी समारोह के बाद अपने साले को बाइक से घर छोड़ने जा रहे थे।रात का अंधेरा और सड़क पर कम रोशनी उनके लिए काल बन गई। रास्ते में आगे चल रहा ट्रैक्टर उन्हें दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक पीछे से ट्रैक्टर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूरज मीणा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके साथ मौजूद रिश्तेदार घायल हो गए। शादी की खुशियों से भरा परिवार कुछ ही पलों में चीख-पुकार में बदल गया।

अस्पताल में पसरा मातम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

दोनों हादसों की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घायल लोगों का इलाज जारी है।

तेज रफ्तार और लापरवाही फिर बनी मौत की वजह

प्रारंभिक जांच में दोनों हादसों के पीछे तेज रफ्तार और सड़क पर लापरवाही को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।एक ओर जहां भैंसाना में धार्मिक आयोजन में आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर इन दो हादसों ने कई परिवारों की जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

भीषण गर्मी में बिजली बनी आफत, शहरभर में तड़प रहे लोग

कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी ओवरलोड के नाम पर चालू हो जाती है अघोषित कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भीषण गर्मी के इस दौर में शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि शहर में कब बिजली चली जाए और कब वापस आए, इसका कोई भरोसा नहीं रह गया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही और कमजोर संधारण व्यवस्था का खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है। गर्मी से राहत देने वाले पंखे, कूलर और एसी सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं, जबकि शहरवासी उमस और तपिश के बीच तिल-तिल कर परेशान हो रहे हैं।

घंटों गुल रहती है बिजली, बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब

शहर के कई बड़े रहवासी इलाकों में आए दिन घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ रही है। दिनभर की झुलसाने वाली गर्मी के बाद रात में भी बिजली की आंख-मिचौली लोगों की नींद छीन रही है। हालत यह है कि लोग पूरी रात पसीने में भीगकर गुजारने को मजबूर हैं।

काम-धंधे ठप, व्यापारियों में भी भारी नाराजगी

बिजली कटौती का असर केवल घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुकानों और छोटे कारोबारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई क्षेत्रों में घंटों बिजली बंद रहने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। कंप्यूटर, मशीनें और अन्य उपकरण बंद पड़ने से लोगों के कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारी वर्ग भी अब बिजली कंपनी के रवैये से खासा नाराज नजर आ रहा है।

पूरे शहर में हर घंटे हो रही बिजली की आंख-मिचौली

स्थिति यह है कि शहर का शायद ही कोई ऐसा इलाका बचा हो जहां सुबह से लेकर देर रात तक बिजली की आवाजाही जारी न रहती हो। कहीं ओवरलोड के नाम पर कटौती हो रही है तो कहीं छोटे-छोटे फाल्ट घंटों तक नहीं सुधारे जा रहे। लोगों का आरोप है कि मामूली खराबी को ठीक करने में भी बिजली कंपनी का अमला घंटों लगा देता है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ जाती है।

मेंटिनेंस के नाम पर करोड़ों खर्च, फिर भी व्यवस्था ध्वस्त

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब बिजली कंपनी पूरे साल मेंटिनेंस और सुधार कार्य कराने के दावे करती है, तो फिर हर गर्मी में व्यवस्था क्यों चरमरा जाती है। अगर मेंटिनेंस सही तरीके से हुआ होता तो मामूली ओवरलोड और छोटे फाल्ट से पूरा शहर अंधेरे में नहीं डूबता। इससे साफ जाहिर होता है कि मेंटिनेंस सिर्फ कागजों में हो रहा है, जमीन पर नहीं।

अफसर एसी में मस्त, जनता गर्मी में पस्त

आम जनता का गुस्सा इस बात को लेकर भी बढ़ रहा है कि जहां एक ओर शहरवासी बिजली कटौती से त्रस्त हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनी के अधिकारी और उनके परिवार निर्बाध बिजली आपूर्ति के बीच एसी कमरों में आराम फरमा रहे हैं। जनता का दर्द समझने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। यही वजह है कि लोगों में बिजली कंपनी के खिलाफ भारी आक्रोश पनपता जा रहा है।

प्रशासन सब ठीक बताने में व्यस्त, जनता बेहाल

हैरानी की बात यह है कि शहर और जिले में बिगड़ी बिजली व्यवस्था के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी उच्च स्तर पर सबकुछ सामान्य होने की रिपोर्ट भेजने में लगे हुए हैं। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पूरा शहर बिजली संकट से कराह रहा है। जनता का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो लोगों का गुस्सा कभी भी सड़कों पर फूट सकता है।

उपभोक्ताओं में बढ़ रहा आक्रोश, कभी भी फूट सकता है गुस्सा

लगातार हो रही बिजली कटौती और अधिकारियों की उदासीनता के कारण अब उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है।

शहरभर में बिजली कंपनी के खिलाफ चर्चाएं तेज हैं और लोग खुलकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। अगर हालात जल्द नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में बड़ा जनआक्रोश देखने को मिल सकता है।

खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, 2 वाहन और 2 जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में बमोरी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध गतिविधि करते पाए जाने से राजस्व दल द्वारा 02 जेसीबी एवं खनिज दल द्वारा 01 ट्रैक्टर लोडर जब्त कर थाना बमोरी एवं गुना म्याना क्षेत्र में 01 डंपर क्रमांक MP07GA0262 द्वारा खनिज गिट्टी का अवैध रूप से रॉयल्टी में उल्लिखित मात्रा से अधिक परिवहन करते हुए पाया गया, जिसे मौके पर जब्त किया गया। जिसे जब्त कर थाना म्याना की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला एवं राजस्व विभाग से नायब तहसील बमोरी जयप्रकाश गौतम व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांजा तस्करी में 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 किलो से अधिक गांजा और बाइक जब्त

नशे के विरुद्ध गुना पुलिस का निरंतर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मृगवास थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 2.039 किलोग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार 18 मई 2026 की रात्रि में सानई चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर बडकुआ मार्ग से राजस्थान की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने बडकुआ के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुनील गुर्जर (22 वर्ष, निवासी गोविंदपुरा, थाना चांचौड़ा, जिला गुना) एवं विनोद गुर्जर (30 वर्ष, निवासी जरकड़िया खेड़ी, थाना करनवास, जिला राजगढ़) बताए। तलाशी लेने पर उनके पास से थैले में रखा गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने कुल 2.039 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये एवं मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई गई है, जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध थाना मृगवास में अपराध क्रमांक 49/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव, सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी सहित पुलिस टीम एवं साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।

लंबे समय से फरार मारपीट प्रकरण का आरोपी दबोचा

गुना। जिले में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के अभियान के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस ने 14 वर्ष पुराने गंभीर मारपीट प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में इनामी बदमाशों एवं वारंटियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना श्री विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार वर्ष 2012 में आरोपी मिश्रीलाल उर्फ मिश्रिया गुर्जर निवासी छत्तपुरा (राजस्थान) के विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 34/12, धारा 326, 324, 323, 506, 294 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण में आरोपी लंबे समय से न्यायालयीन कार्यवाही से फरार चल रहा था, जिसके चलते न्यायालय गुना द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था।पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 19 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर फतेहगढ़ थाना पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मिश्रीलाल उर्फ मिश्रिया पुत्र जयलाल गुर्जर (उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम छत्तपुरा, थाना बापचा, जिला बारां, राजस्थान) को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

संघर्ष से स्वावलंबन तक : प्रहलाद सिंह के जीवन में उम्मीद की नई रोशनी

गुना। जिले की जनसुनवाई एक बार फिर किसी जरूरतमंद के जीवन में नई आशा लेकर आई। तहसील मकसूदनगढ़ निवासी दिव्यांगजन प्रहलाद सिंह लंबे समय से स्वयं का रोजगार शुरू करने की इच्छा रखते थे, लेकिन आर्थिक अभाव उनके सपनों के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ था।अपनी समस्या और उम्मीद लेकर वे जनसुनवाई में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर श्री कन्याल ने उनकी परिस्थिति को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान की।सहायता प्राप्त होने के बाद प्रहलाद सिंह के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि अब वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके जीवन को नई दिशा देने वाला संबल है।यह पहल न केवल दिव्यांगजन के आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा है, बल्कि समाज में यह संदेश भी देती है कि प्रशासन की संवेदनशीलता और सहयोग से जरूरतमंदों के सपनों को नई उड़ान दी जा सकती है।



कलेक्टर-एसपी का सख्त संदेश : लापरवाही पर कार्रवाई, अतिक्रमणकारियों पर होगी एफआईआर

बारिश, बाढ़, अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं जनसुरक्षा को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए।बैठक की शुरुआत आगामी बारिश एवं संभावित बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा से हुई। इस दौरान जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के कार्यपालन यंत्री के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को जिले के सभी पुल-पुलियों का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों को नाले-नालियों की साफ-सफाई समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही संभावित आपदा से निपटने के लिए वालंटियर्स तैयार कर उनकी सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया।बैठक के दूसरे चरण में अतिक्रमण एवं एन्क्रोचमेंट ड्राइव की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश से पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से संवेदनशील स्थानों, नदी-नालों एवं यातायात प्रभावित क्षेत्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा सके।मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई को लेकर भी कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे तथा कम से कम तहसीलदार एवं एसडीओपी स्तर के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें।

कार्रवाई के बाद उसकी सतत मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज की जाए। वहीं हिट एंड रन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा मित्र बनाने की पहल करने के निर्देश दिए गए।बैठक में ट्रैफिक टीआई को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एनएचएआई को आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट संकेत दिए गए कि जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

समाचार संक्षेप

सीएमओ तेज सिंह यादव ने वार्ड क्रमांक 08 एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 08 का भ्रमण कर निर्माण कार्यों एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।इसके पश्चात सीएमओ द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड का भी निरीक्षण किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुसार एमआरएफ सेंटर, कंपोस्ट प्लांट एवं एफएसटीपी प्लांट को सुव्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक कीर्ति सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि गणेशाराम माली, नगर पालिका स्टाफ एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों ने किया सामूहिक योग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "फ्री योगा इनिशिएटिव" कार्यक्रम के अंतर्गत हेविल्ड संस्था के सहयोग से योग प्रशिक्षण एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर छात्र-छात्राओं को योग के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को योग, प्रार्थना, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न योग गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। सामूहिक योग अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।इस अवसर पर विकासखंड योग प्रभारी ब्लॉक आरोन अम्बरीष कुमार कस्तवार, सरोज कुशवाह, आयुष विभाग से निशा बानो (महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता), योग प्रशिक्षक अभय राज रघुवंशी एवं सहायक योग प्रशिक्षक शिशुपाल शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य खगेंद्र रघुवंशी का विशेष सहयोग रहा। योग अभ्यास में छात्र-छात्राओं में मुस्कान रजक, अमित अहिरवार, विकास, अनुज, संस्कार, कार्तिक, अंकेश, अरुण एवं प्रदीप सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ग्राम पेंची में भीषण आगजनी, दो लाख रुपए से अधिक का नुकसान

कलेक्टर के अग्नि सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी का आरोप, पीड़ित परिवार ने मांगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

जिले के चाचौड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंची में भीषण आगजनी की घटना सामने आई है, जिसमें एक परिवार को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया। पीड़ित परिवार ने गांव के ही दो लोगों पर लापरवाहीपूर्वक आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई एवं आर्थिक सहायता की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पेंची निवासी गोलू बैरागी पिता छोटे लाल बैरागी ने थाना चाचौड़ा में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के गोविंद मीना पिता रामसिंह मीना एवं कैलाश मीना पिता रामसिंह मीना द्वारा लापरवाही और नियमों की अनदेखी करते हुए आग लगाई गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। पीड़ित का कहना है कि जिले में बढ़ती गर्मी एवं लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन आरोपियों ने इन आदेशों का पालन नहीं किया। पीड़ित परिवार के मुताबिक आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास रखा फूसा, लकड़ियां तथा पेड़ इसकी चपेट में आ गए। आगजनी में दो ट्रॉली फूसा पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है।

वहीं एक ट्रॉली से अधिक सूखी लकड़ियां भी जल गईं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपये आंकी गई है।आग की तेज लपटों से आसपास खड़े 10 से 12 हरे-भरे पेड़ भी पूरी तरह नष्ट हो गए। पीड़ित परिवार ने इन पेड़ों की कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई है। इसके अलावा आग की चपेट में आने से ईंटों से बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लगभग 90 हजार रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। कुल मिलाकर घटना में दो लाख रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया गया है।

घटना के दौरान गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद ग्रामीण आग पर काबू पाने में सफल हुए, जिससे आसपास के अन्य मकान और खेत बड़ी दुर्घटना का शिकार होने से बच गए।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के कई घर, खेत और पशुधन भी इसकी चपेट में आ सकते थे।

घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है, वहीं गांव में भी भय का माहौल बना हुआ है।पीड़ित गोलू बैरागी ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा आगजनी से हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम में प्रशासन द्वारा जारी अग्नि सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मामले की जानकारी लेना शुरू कर दिया है।

न्यायालय के आदेश से गरीब परिवार का मकान खाली होने से बच गया

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक कार्रवाई पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्वीकृत किए गए बैंक ऋण के मामले में एक गरीब परिवार को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय द्वारा बैंक की कार्रवाई पर रोक लगाए जाने के बाद पीड़ित परिवार का मकान खाली होने से बच गया। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास से जुड़ा बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार संबंधित संपत्ति पर कथित रूप से फर्जी स्वामित्व दस्तावेजों के आधार पर बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया गया था। आरोप है कि संपत्ति के वास्तविक स्वामित्व की पर्याप्त जांच एवं भौतिक सत्यापन किए बिना ही ऋण स्वीकृत कर दिया गया। मामले में दस्तावेजों की प्रक्रिया एवं पंजीयन को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने आरोन न्यायालय में सिविल वाद प्रस्तुत किया। वहीं बैंक की ओर से आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा गया कि मामला सरफेसी एक्ट के अंतर्गत आता है, इसलिए इसकी सुनवाई सिविल न्यायालय में नहीं की जा सकती।सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों का हवाला देते हुए न्यायालय के समक्ष पक्ष रखा कि जिन मामलों में धोखाधड़ी या फर्जीवाड़े के आरोप हों, वहां सिविल न्यायालय का हस्तक्षेप प्रतिबंधित नहीं होता।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामले को पीड़ित परिवार के पक्ष में माना और अंतिम निर्णय होने तक संबंधित मकान पर किसी भी प्रकार की कब्जा या हस्तक्षेप संबंधी कार्रवाई पर बैंक के विरुद्ध निषेधाज्ञा जारी कर दी। साथ ही संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रमुख बिंदु

गरीब परिवार का मकान खाली होने से बचा, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऋण स्वीकृति का आरोप, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला बना अहम आधार, न्यायालय ने बैंक की कार्रवाई पर लगाई रोक, अंतिम निर्णय तक संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश

स्वर्णकार समाज ने पुलिस अधीक्षक हितिका वासल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल भारतीय श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, गुना के प्रतिनिधि मंडल एवं महिला मंडल ने संयुक्त रूप से गुना जिले की पुलिस अधीक्षक हितिका वासल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समाजजनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश सोनी (तोड़रा वाले), जिला उपाध्यक्ष सुभाष सोनी, नगर अध्यक्ष आर.के. सोनी, युवा अध्यक्ष जे.के. सोनी तथा जिला मीडिया प्रभारी सतीश सोनी उपस्थित रहे।वहीं महिला प्रतिनिधि मंडल में संतोष सोनी, जिला अध्यक्ष कृष्णा सोनी, पूर्व अध्यक्ष दुलारी सोनी, नगर अध्यक्ष सुनीता सोनी , कविता सोनी एवं मीडिया प्रभारी रेखा सोनी सहित समाज की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कांजी हाउस को शोक सभा भवन में परिवर्तित करने की मांग, नागरिकों ने उठाई सुविधा विस्तार के लिए आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज को बने लगभग 50 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन नगर में आज भी अंतिम संस्कार एवं शोक सभा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाओं का अभाव बना हुआ है।

नगरवासियों ने मांग उठाई है कि लंबे समय से उपयोग में नहीं आ रहे कांजी हाउस भवन को शोक सभा भवन में परिवर्तित किया जाए, ताकि नागरिकों को गर्मी एवं बरसात के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।समाजसेवी रवि सोनी एवं महेंद्र सोनी ने बताया कि नगर के श्मशान घाटों पर शवदाह के दौरान लोगों को खड़े होने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। विशेष रूप से टेकरी श्मशान घाट पर स्थिति अधिक गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कांजी हाउस में गाय भी बंद नहीं की जाती हैं, ऐसे में उस भवन का जनहित में उपयोग किया जाना चाहिए।रंजीत सिंह गौर (वकील) एवं रिंकू राजपूत ने भी मांग का समर्थन करते हुए कहा कि नगर परिषद को पहल कर कांजी हाउस को शोक सभा स्थल में परिवर्तित करना चाहिए तथा दोनों श्मशान घाटों पर छाया, बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करनी चाहिए। नागरिकों एवं समाजसेवियों ने यह भी कहा कि यदि नगर परिषद योजना बनाती है तो समाज के कई लोग दान देने के लिए भी तैयार हैं, जिससे श्मशान घाटों को व्यवस्थित एवं सुविधा युक्त बनाया जा सके।

प्रमुख मांगें

कांजी हाउस भवन को शोक सभा भवन में परिवर्तित किया जाएटेकरी श्मशान घाट सहित दोनों स्थानों पर शेड एवं बैठने की व्यवस्था होगर्मी एवं बरसात से बचाव हेतु स्थायी निर्माण कराया जाएपेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएनगर परिषद जनसहयोग से श्मशान घाटों का सौंदर्यीकरण करे

पहली बार वर्तमान कलेक्टर के कार्यकाल में 353 आवेदक समस्याएं लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पहली बार वर्तमान कलेक्टर के कार्यकाल में 353 आवेदक समस्याएं लेकर पहुंचे। जिन्हे कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने एक-एक कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रमुख रूप से पंचायत, राजस्व,बिजली,पानी,प्रधानमंत्री आवास एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आवेदकों ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाना प्राथमिकता है।

जनसुनवाई में मुंगावली निवासी दुर्गा बाई द्वारा जमीन की नकल दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी लक्ष्मीबाई द्वारा भूमि की तौजी जमा करवाने,ग्राम धुर्रा निवासी लक्ष्मण सिंह परिहार द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम बामौरीताल निवासी अजय रघुवंशी द्वारा नक्शा दुरूस्ती कराये जाने,ग्राम खेजराखुर्द निवासी रामवीर अहिरवार द्वारा लाल स्याही से सीमांकन कराये जाने,अशोकनगर निवासी शिवशंकर द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,मुंगावली निवासी राजबाई आदिवासी द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने, सेमरखेडी निवासी काशीबाई द्वारा नामांतरण कराये जाने,पिपरिया निवासी रवि साहू द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने,मल्हारण रोड़ मुंगावली निवासी ममता सेहरिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम गौरा निवासी लखन आदिवासी द्वारा सीमांकन कराये जाने,मुंगावली निवासी कृष्णाबाई द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण के निर्देश संबंधितों को निर्धारित समय सीमा में किये जाने के दिये गए।

तापमान ने 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार किया, अब तक का सर्वाधिक तापमान दर्ज

अशोकनगर। जिला इन दिनों सर्वाधिक गर्मी से तप रहा है इतनी अधिक गर्मी होने के कारण लोग न तो घर से निकल पा रहे हैं न ही कामकाज के लिए जा पा रहे हैं। जिले में अब तक का सर्वाधिक तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस मंगलवार को दर्ज किया गया है। यह इस मौसम का सर्वाधिक तापमान है। इस तापमान को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि अशोकनगर में गर्मी कितने शबाब पर होगी और कैसे अशोकनगर जिले के लोग इतनी गर्मी और सर्वाधिक तापमान के बीच रहने पर मजबूर होंगे। लोगों को दिन में भी निकलना मुश्किल है और रात भी निकलना मुश्किल हो रहा है। दिन में अगर लू और लपट जैसी गर्मी चल रही है तो आप समझ सकते हैं कि इस मौसम में कौन बाहर निकलेगा, अगर इसी बीच लाइट चली जाए तो क्या होगा। यह तो हुई दिन की बात और अगर रात को बिजली कभी फाल्ट होने के कारण, कभी ट्रांसफर पर फाल्ट हो जाने के कारण तो कभी कई सुधार कार्य दिखाकर घंटे लाइट बंद कर दी जाती है। आज इस इलाके की तो कल उस इलाके की, तो किसी दिन अन्य इलाके की यह क्रम बिजली विभाग का अलग चलता रहता है । सोचा था अशोकनगर जिला मुख्यालय बनने के बाद बिजली की समस्या से त्रस्त नहीं होगा, यह भी सोचा था कि साल भर बिजली विभाग हर इलाके में लाइनों का मेंटेनेंस करता है तो कम से कम लाइनों का मेंटेनेंस होने के बाद इतना तो भरोसा लोगों को हो ही गया था कि अब लाइट नहीं जाएगी। लेकिन यह सब बातें कोई काम नहीं आईं बिजली की समस्या जस की तस है। जरा आंधी चल जाए बिजली हवा आ जाए बारिश हो जाए समझ लीजिए आप बिजली ज्यादा समय के लिए जाना तय है।

प्रांतीय अभ्यास वर्ग में अमन को दी गुना और अशोकनगर विभाग की कमान

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चार दिवसीय आयोजन की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चार दिवसीय मध्य भारत प्रांत स्तरीय प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन 15 से 18 मई तक हरदा जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास वर्ग में मध्य भारत प्रांत के सभी जिलों से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

अशोकनगर जिले से भी अनेक छात्र प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अभ्यास वर्ग के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवीन दायित्व घोषणा की गई, जिसमें अशोकनगर निवासी अमन रघुवंशी खे खैजरा को गुना-अशोकनगर विभाग का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया। अब वे विभाग स्तर पर गुना एवं अशोकनगर दोनों जिलों के संगठनात्मक कार्यों का दायित्व संभालेंगे। अमन रघुवंशी विद्यार्थी परिषद से अपने छात्र जीवन के प्रारंभिक समय से जुड़े हुए हैं। विद्यालयीन शिक्षा के दौरान ही वे विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आए और तभी से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

संगठन में उन्होंने विद्यालय अध्यक्ष,नगर कार्यकारिणी सदस्य, नगर विद्यालय प्रमुख, नगर सोशल मीडिया प्रमुख एवं जिला सोशल मीडिया प्रमुख जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उच्च शिक्षा हेतु एवं अशोकनगर में अच्छी कोचिंग न होने की वजह से गुना प्रवास के दौरान भी उन्होंने विद्यार्थी परिषद में सक्रिय भूमिका निभाई तथा एक वर्ष तक संगठन कार्य करते हुए नगर सह मंत्री के दायित्व का निर्वहन किया। इस दौरान विभिन्न छात्र आंदोलनों एवं संगठनात्मक गतिविधियों का नेतृत्व भी किया। इसके पश्चात अशोकनगर लौटने पर उन्हें प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला संयोजक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं। जिला संयोजक के रूप में उन्होंने संगठन विस्तार, छात्र हितों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती देने का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन माना जाता है, जो छात्र हित, राष्ट्र निर्माण एवं शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाता है। नवीन दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने अमन रघुवंशी को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग के तहत

एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस स्कूल कदवाया बना योग का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 को लेकर मध्यप्रदेश आयुष विभाग द्वारा चलाए जा रहे "घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग" अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कदवाया के तत्वावधान में एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस स्कूल कदवाया में प्रतिदिन योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।

योग प्रशिक्षक धनपाल द्वारा भारत सरकार के प्रोटोकॉल अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक प्रार्थना से हुई तथा ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन सहित कपालभाति, अनुलोम- विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षक धनपाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है।

सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट ने बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट की बैठक रखी गई जिसमें अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी द्वारा सामाजिक कुरीतियों पर चिंतन व्यक्त किया गया एवं ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। ओमप्रकाश शर्मा यूनिक कंप्यूटर को उपाध्यक्ष, सह सचिव बाबूलाल शर्मा कन्हारी, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा बड़ागांव को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया।

ट्रस्ट की ओर से डॉ. दीपक मिश्रा ने समर्थन करते हुए सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। ट्रस्ट का धर्मशाला के विकास में योगदान देंगे, ऐसी अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश चैधरी द्वारा युवाओं को जोड़कर युवा टीम का विस्तार करने एवं आगामी 31 मई को आमंत्रित सदस्यों को सम्मानित करने एवं आमंत्रित सदस्यों को बढ़ाने और समाज सेवियों को सक्रिय करने एवं सामाजिक बुराई कुरीतियां को रोकने समाज सुधार के विषय पर चिंतन करने हेतु एवं विगत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने हेतु विप्र सम्मेलन का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। इस हेतु आगामी 24 मई को 4:00 बजे सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक रखी गई है। कार्यकारिणी का विस्तार मासिक मिलन प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को शाम 8:00 बजे परशुराम मंदिर में होगा।

सभी समाज सेवी ट्रस्ट से अनुरोध है समाज सेवा की दिशा में आगे आए और राष्ट्र का चिंतन करते हुए समाज को राष्ट्र चिंतक समाजसेवियों को जोड़ें। सचिव राजेश शर्मा द्वारा प्रस्तावों रखे गए। इस मौके पर आर.पी उपाध्याय, हरिओम शर्मा छैलाई विश्वबंधु चतुर्वेदी शिवाकांत शर्मा रमेश खोपरा शशिकांत भार्गव संजीव वीरू बोहरे बलराम वीरू युवा अध्यक्ष सुनील बोहरे पवन शर्मा दिनेश शर्मा संदीप चैबे विपिन शर्मा टकनेरी सौरभ शर्मा आनंद शर्मा रमेश शर्मा जगदीश शर्मा आदि प्रमुख शामिल रहें।

बिजली कटौती पर विधायक राय ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या और खराब विद्युत व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने देहात थाने के पास धरना प्रदर्शन किया। क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर, फौजी खेड़ी, हेमराज बरखेड़ा, सिरसी पछार सहित आसपास के कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ग्रामीणों की समस्या को लेकर विधायक हरिबाबू राय भी मौके पर पहुंचे और लोगों के साथ धरने में शामिल हुए, बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घंटों बिजली बंद रहने से पेयजल संकट गहरा रहा है, रात के समय बिजली कटौती होने से बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों की सुरक्षा पर भी असर पड़ रहा है।

धरना प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जर्जर लाइनें बदलने, ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने, नियमित बिजली सप्लाई और गांवों में नई केबल डालने की मांग रखी। अधिकारियों ने 15 दिनों के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर 4 भैंसे और 4 पड़िया चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम किदरा चक्क अटारी खैजरा निवासी जय सिंह सहरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राम गुर्जर और अन्य दो लोग उसकी 4 भैंसे और 4 पड़िया चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश जारी है।

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कल्याण यादव निवासी सेमरी थाना मायापुर जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनि मंदिर के पास पछाड़ी खेडा रोड से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गए। बाईक का नंबर एमपी 67 एमएफ 7981 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ईसागढ़ शहर व उससे जुड़े सभी ग्राम की सप्लाई बाधित रहेगी

ईसागढ़। बुधवार 20 मई को 132 केवी ईसागढ़ से 33 केवी ईसागढ़ एवं आनंदपुर ट्रस्ट को अलग अलग करने का कार्य किया जाएगा इस हेतु नवीन वीसीबी एवं लाइन डीपी निर्माण का कार्य किया जाना है, जिससे कि सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एक घंटे के लिए ईसागढ़ शहर एवं उससे जुड़े सभी ग्राम की सप्लाई बाधित रहेगी।

जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनहाई निवासी रिंकू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलराम और गोलू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत संकट मोचन मंदिर के सामने सडूमरा निवासी धनीराम बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि, दीपक और लक्ष्मण ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी प्रशांत राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वरूण, भानू और 3 अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयाखेड़ा निवासी रघुवीर सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांदोह निवासी अनूप जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामचरण जाटव, मोनू जाटव, विश्ववीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेलई निवासी धर्मेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजराम और गुडडी बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गुडडी बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धर्मेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिला शिक्षा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित कई विभागों के प्रमुखों को नोटिस जारी

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित शिकायतों के निराकरण में अधिकारियों द्वारा कोई रूचि नही लेने तथा ग्रेडिंग में सुधार न करने पर जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त उपायुक्त सहकारिता धुरव कुमार झारिया, हथकरघा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के.एन.गुप्ता, उप संचालक मत्स्य एन.एस.दंडोतिया,जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अदिति सिंह,उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.मनीष व्यास,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी,सहायक श्रम पदाधिकारी सुरभी रघुवंशी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. सिसोदिया को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

पुलिस लाइन ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त पुलिस बल में अनुशासन, परेड दक्षता, शारीरिक क्षमता तथा टीम वर्क की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक निर्धारित दिवस पर साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया जाता है।

मंगलवार को प्रातः पुलिस लाइन अशोकनगर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर द्वारा परेड की सलामी लेकर किया गया। सलामी उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने प्लाटून-वार परेड निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट, परेड मुद्रा, वर्दी की स्वच्छता, परेड की शुद्धता एवं अनुशासन का गहन मूल्यांकन किया। परेड में उत्कृष्ट टर्न आउट प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरूष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, वहीं जिन कर्मचारियों के टर्न आउट में कमी पाई गई उन्हें आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद सभी प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल स्वरूप में परेड अभ्यास कराया गया, जिसमें सलामी की मुद्रा, दाएँ-बाएँ देख, पथ क्रम एवं संयुक्त संचालन जैसी महत्वपूर्ण परेड प्रक्रियाओं का विस्तृत अभ्यास कराया गया। परेड का संचालन सूबेदार अजीत सिंह द्वारा दक्षतापूर्वक किया गया।

परेड पुलिस विभाग में अनुशासन की नींव

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि "परेड पुलिस विभाग में अनुशासन की नींव है। नियमित परेड से जहां पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता विकसित होती है, वहीं टीम वर्क, आदेश पालन, एकरूपता, तत्परता और फील्ड ड्यूटी में कार्यकुशलता भी बढ़ती है। इसी उद्देश्य से पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित की जा रही है, ताकि पुलिस बल हर परिस्थिति में तत्पर, अनुशासित एवं सक्षम रह सके।

ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी नजर आई

थाना प्रभारी ने जिन समस्याओं को नहीं सुना, एसपी ने उनका निराकरण कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई को लेकर आए कई आवदेक पीड़ा अपने शब्दों में व्यक्त करते नजर आए। इन ग्रामीणों का कहना था कि वह कई बार से आवेदन दे रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। थाना प्रभारी लौटा देते हैं, एसपी को उन आवेदको की समस्या गंभीर लगी, उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को लाइन पर लिया और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। एसपी कार्यालय में पहली बार ऐसी सुनवाई देखने को मिली।

आवेदिका ने कहा कि वह ग्राम आकलोन तहसील ईसागढ की रहने वाली है, उसकी सर्वे नबंर 256/2 में 1000 हेक्टयर भूमि अव्यवस्थित है। जनपद कार्यालय भवन स्वीकृत हुआ है जिसमें से 10 बीघा भूमि विधुत मंडल को और 4 बीघा भूमि जनपद कार्यालय के लिए आवंटित की गई थी, जिसमें से 5 बीघा आवेदिका की है, जिस पर निर्माण कार्य कब्जा कर कराया जा रहा है। जबकि हाई कोर्ट द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने का आदेश है। जन सुनवाई न होने से वह परेशान है, इस संबंध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश एसपी द्वारा दिए गए।

दुर्गी बाई पत्नि स्व.रघुवीर सिंह चंदेरी रोड मुंगावली में निवासरत है प्रार्थिया के पति का स्वर्गवास दिनांक 04.11.2025 में हो जाने से प्रार्थिया उनकी तरेहवी आदि कार्यक्रम में ग्राम गुन्हेरु गई हुई थी और मकान में ताला लगाकर गई हुई थी 13-14 दिन तक प्रार्थिया मुंगावली नहीं आ सकी थी इस बीच में प्रियंका पत्नि प्रेमसिंह, प्रेनसिंह पुत्र अजीत सिंह, अजीत सिंह पुत्र कमल सिंह, लक्ष्मम सिंह पुत्र अजीत सिंह यादव निवासीगण गुन्हेरु द्वारा तोले तोड़कर प्रार्थिया के रखे हुये 20 लाख रुपये नगद तथा घर का सारा सामान व ट्रेक्टर ट्राली व दो मोटरसाईकिल आदि के कागजात व एक मोबाईलसिम डली हुई थी जिसको चोरी करके ले गये जब प्रार्थिया ग्राम गुन्हेरु से घर आयी तो सोरे ताले टूटे हुये थे और उक्त सभी व्यक्ति मौके पर मिले थे प्रर्थिया ने जब चोरी की उक्त व्यक्तियों से पूछा तो वह प्राधिया को जान से खत्म करने की धमकी दी कि अगर तूने किसी से कुछ कहा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे जिससे प्रर्थिया डर गई और किसी से कुछ नहीं कह सकी अभी पर्शिया की वैशाख की फसल करीब 60 क्विंटल धनिया व करीब 55 क्विंटल राई 100 क्विंटल बठरी और करीब 20 क्विंटल गेहू घर पर ग्राम गुन्हेरु में रखे हुये थे पार्थिया के मुंगावली आने पर उक्त सभी फसले चोरी से उक्त व्यक्तियों दद्वारा चोरी से बेच दी गई है इस प्रकार करीब 13 लाख पचास हजार रुपये की फसल की चोरी की है और पूर्व में करीब 20 लाख रुपये की नगदी की चोरी की थी प्रार्थिया द्वारा उक्त व्यक्तियों से नहा गया तो वह प्रर्थिया को जान से खत्म करने की धमकी दी हैं।

जन सुविधाओं के कई कार्य अब भी अधूरे

रेलवे स्टेशन का 24.10 करोड़ की लागत से कायाकल्प कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रेलवे स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित करने हेतु संचालित "अमृत भारत स्टेशन योजना" के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल स्थित अशोकनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में तेजी से प्रगति पर है। लगभग 24.10 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

अशोकनगर स्टेशन एनएसजी-5 श्रेणी का महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर आवागमन को ध्यान में रखते हुए अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (परिसंचरण क्षेत्र) में सुधार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा चुका है। साथ ही बीना छोर पर प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 का चैड़ीकरण भी किया गया है।

यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 की सतह में सुधार कार्य भी किया गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सके। स्टेशन भवन के अग्रभाग, शौचालयों में सुधार, आंतरिक भाग एवं प्रतीक्षालयों का आधुनिकी करण किया गया है। इसके साथ ही द्वितीय प्रवेश द्वार के विकास का कार्य एवं यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टेशन पर 12 मीटर चैड़े नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य दूसरे फेज में किया जा रहा है, जिससे प्लेटफॉर्मों के बीच आवागमन अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित होगा। इस कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

खास बातें

- प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर कई जगह फर्स बैठा
- ऊंचा नीचा प्लेटफार्म होने से हो सकती हैं दुर्घटनाएं
- दोनो प्लेटफार्मों कुर्सियों और बेंचों का अभाव, कई जगह टूटी पडी
- पुराने निर्माण कार्यों का मलवा आज तक नहीं हटा।
- स्टेशन के बाहर कचरे में लगाई जा रही है आग।
- पुल को बाहर तक जोड़ने की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हुई।
- स्टेशन परिसर में हाई मस्ट लाइट का व्यापक अभाव
- 8 प्लेटफार्मों पर सुलभ कॉम्पलेक्स की कोई सुविधा नहीं।
- दिव्यागों और महिलाओं के लिए अलग से टिकट खिड़की को कोई इंतजाम नहीं।
- एटीवीएम मशीन दोनों

व्यक्ति को अपने जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिएः राम हृदयदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय वेदान्त भवन में चित्रकूट धाम से आए कथा व्यास राम हृदयदास महाराज ने राम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिए, लेकिन स्वाभिमान भी नहीं छोड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सारे वेद जिनकी महिमा का वर्णन करते हैं उन्होंने भगवान शिव के जीवन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव के बार बार समझाने के बाद भी 3 लोग लाख बार समझानेके बाद भी नहीं समझते जिनमें पहला पड़ौसी, दूसरा कुटुम्बी, और तीसरा श्रीमति जिनको कितना भी समझा लो वह नहीं समझते। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन इतनी श्रेष्ठाताओं से भरा हुआ है कि अगर हम उनका अनुसरण करें, उनके एक एक शब्द को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करें तो हम संसार रूपी सागर को पार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राम का जीवन चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, हम राम कथा को अपने जीवन में उतारें और इसे ध्यान से सुनें। यह यहां के श्रद्धालुजनों के लिए अवसर मिला है कि वह इस कथा का श्रवण अवश्य करें, यह राम कथा सुरेन्द्र मलावनी परिवार के द्वारा कराई जा रही है जो कि 26 मई तक चलेगी, प्रतिदिन कथा दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित हो रही है।

अभिमान मत करना, जीवन का पतन हो जाताः महाराज

बुधवार को होगा अथाईखेड़ा में सुधासागर धाम का शिलान्यास -विजय धुर्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अभिमान से व्यक्ति के जीवन का पतन होता चला जाता है जीवन में अभिमान मत करना छः खंड के अधिपति रावण का भी अभिमान नहीं टिका तो आप और हम लगते कहा हैं। मान कष्य कहे या घमंड़ व्यक्ति को अधोगति की ओर ही ले जाता है उसके पास रहने के लिए सोने का महल था चलने के लिए पुष्पंक विमान जो मन की गति से चलता था वह भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र से हार गया। इसलिए यह पक्का मानकर चलना घमंड किसी का टिकता नहीं है मान अभिमान और स्वाभिमान में अंतर है उनको एक ही पलड़े पर नहीं रखा जा सकता। मान और अभिमान को छोड़ कर अपने स्वाभिमान को आप अपने तक ही सीमित रखें तो कभी मान नहीं पनप पायेगा। उक्त आश्य केउद्गार श्रीमद् जिनेन्द्र बेदी प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज

संत निवास के साथ होगा धर्मशाला का शिलान्यास

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मुनि संघ ने शाम को अस्थाई खेड़ा की ओर पद विहार कर दिया जहां बुधवार को श्री सुधा सागर धाम का शिलान्यास नगर के श्रावक श्रेष्ठी श्री निर्मल कुमार अथाईखेडा परिवार द्वारा किया जायेगा इसके साथ ही संत निवास एवं धर्मशाला की भी आधार शिला रखी जायेगी जिससे भविष्य में निकलने वाले सभी यात्रियों को श्री संत सुधा सागर धाम में विश्राम के साथ ही अंचल की वंदना करने में सुकून मिलता रहेगा इस हेतु स्थानीय समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है आज परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ का रात्रिकालीन विश्राम गुपलिया मौलाडेम पर हो रहा है प्रता कला की वेला में अथाई खेड़ा में मंगल प्रवेश होगा।

कलशारोहण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

इसके पूर्व प्रातः काल की वेला में विदत अमन शास्त्री एवं अभिषेक शास्त्री के मंचोक्चार के साथ मंगलाष्टक पाठ एवं प्रतिष्ठा की मुख्य क्रिया की गई । इसके बाद मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में मुख्य वेदिका पर श्री जी विराजमान करने का सौभाग्य रमेश चन्द्र सुरेश कुमार मनोज कुमार मोनू जैन सीमेन्ट परिवार को मन्दिर के शिखर पर कलशा रोहण का सौभाग्य अतरे सरपंच धर्मेन्द्र कुमार टिक्कू को मिलावही ध्वजारोहण का सौभाग्य सुरेश चन्द्र रीक्कुओड़ेर श्री जी को नवीन वेदी पर विराजमान करने का सौभाग्य जिनेश कुमार सौरभ ओडेर परिवार सहित अन्य भक्तों को मिला जिनका सम्मान जैन समाज अध्यक्ष वावू लाल जैन मनोज सरपंच मोनू ओड़ेर संजीव रिक्कू सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया। देर शाम को मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ससंघ ने अथाई खेड़ा की ओर पद विहार कर दिया।

उपभोक्ता एसोसिएशन के नेतृत्व में मीटर को निकलवाने विभाग में ज्ञापन सौंपा

पिपरई में बिजली के स्मार्ट मीटर के विरोध में जनता उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के नेतृत्व में पिपरई के नागरिकों ने भी अपने-अपने घरों पर जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटर को निकलवाने के लिए एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पिपरई लोकल विभाग में ज्ञापन सौंपा गया।

साथ ही बिजली उपभोक्ताओं ने अपने घरों पर लगाए गए स्मार्ट मीटर को जल्द से जल्द हटाने की मांग की। ज्ञापन से पहले विरोध प्रदर्शन के माध्यम से एसोसिएशन की ओर से देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि हवा, पानी और खाना मनुष्य की प्राथमिक जरूरत है उसी तरह बिजली का भी उतना ही महत्व है। जो आधुनिक सभ्यता की धुरी है। इसलिए भारत में आजादी के बाद बिजली को मूलभूत अधिकार में शामिल किया गया। जिसके बिना आज एक इंच भी आगे बढ़ना असम्भव है। एक तरफ कल कारखानों का चलना नामुमकिन है तो वहीं दूसरी तरफ आम इंसान की जिंदगी भी आज बिना बिजली के संभव नही है। इसलिए आज यह कहना गलत नहीं होगा कि बिन बिजली सब सून।

आगे प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला प्रभारी सावन बैरागी ने बताया कि प्राइवेट कंपनी स्मार्ट मीटर लोगों के घरों पर बिना अनुमति के जबरन डरा धमकाकर लगा रही है। स्मार्ट मीटर आमजनता को लूटने वाला मीटर है, अधिक से अधिक आम जनता की जेब खाली करने वाला मीटर है। डिजिटल मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है। इस मीटर के माध्यम से बिलिंग प्रणाली में टी ओ डी प्रणाली, डायनेमिक प्राइसिंग प्रणाली और रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली को लागू करना संभव है। इस मीटर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए नियंत्रित किया जाएगा। नतीजतन, इस मीटर के सॉफ्टवेयर को नियंत्रित करने और मीटर रीडिंग को बदलने, वास्तविक बिजली खपत से लेकर कंपनी के लाभ के हितों को इच्छानुसार पूरा करने की पर्याप्त संभावनाएं होंगी। बिजली बिलों का बोझ बहुत बढ़ जाएगा। हाल ही में, विभिन्न राज्यों के उपभोक्ता इस स्थिति का सामना कर रहे हैं।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5), 55(1), 56 (1) में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है।और हमारे देश के केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने कहा है कि उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपे जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह मीटर केंद्र सरकार की रियैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत लगाए जा रहे हैं, जो एक योजना है, कोई कानून नहीं। शामिल सदस्य अर्जुन पंथी, रामसिंह अहिरवार बरखेड़ा, मोनू ओझा(सिंगर), रामदेवी बाई, लालाराम कुशवाहा, सनी केवट, रोहित केवट इत्यादि नागरिक उपस्थित रहे।

बिजली गुल होने से 15 पंचायतों के ग्रामीण परेशान

राजपुर। राजपुर कस्बे एवं आस पास की 15 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांव वासियों कों इस भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बिजली कटौती ने रात की चेन की नींद भी हराम कर दी है। रात्रि 10.30 बजे रात्रि 1.15 बजे रात्रि 3.20 बजे इस तरह घंटों तक विजली गुल होने से नींद खुल जाती है।

छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग महिला परेशान होती हैं। रात भर उन्हें रतजगा करतें हुए नजर आती है। जिस समय आप गहरी नींद में सो रहें हों उसी समय विजली गुल होने से भीषण गर्मी में तर वतर हों जातें हैं जैसे ही बिजली आ जाती हें तों फिर द्वारा फिर कटोती हों जाती हैं। इस तरह रात भर जनता परेशान होती नजर आती है। जब कि राजपुर कस्बे में हर माह बिजली के बिल जमा हों रहें हैं। बड़े कनेक्शन धारी हैं आटे चक्की एक दर्जन से अधिक हैं कनेक्शन धारी इन दिनों बिजली के बिल भी समय पर भर रहे हैं। घरेलू कनेक्शन के बिल 500 रुपये से अधिक आ रहें हैं। इस तरह बिजली के विल करेंट मार रहें है। विद्युत विभाग के इस रवैया से जनता परेशान हैं इधर चुनाव के समय लम्हे लम्हे वादा करनें वाले जनप्रतिनिधि चेन की नींद सो रहे हैं क्योंकि उनके घरों में तों इनवेंटर हें अब आम जनता कों हर बार चुनाव के समय मुर्ख बना कर अपना उल्लू सीदा कर जनता कों राम भरोसे छोड़ दिया है।

संपर्क अभियान 2026 अंतर्गत विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार हेतु शिविरों का आज आयोजन

अशोकनगर। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और बिजली संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सम्पर्क अभियान 2026 अंतर्गत विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार हेतु शिविरों का आयोजन किया गया है।

यह शिविर 20 मई 2026 को वितरण केन्द्र/जोन अशोकनगर के गौशाला वार्ड नं.19, वितरण केन्द्र आंवरी के ग्राम आंवरी माफी,चंदेरी के ग्राम बामोर हुर्रा,ईसागढ़ के ग्राम जांगड, नईसराय के ग्राम महीदपुर,शाढौरा वितरण केन्द्र के ग्राम बगुल्या, तूमैन के ग्राम अखाई टप्पा,मुंगावली के वार्ड नं.09, वितरण केन्द्र मीरकाबाद अंतर्गत ग्राम गढूली,बहादुरपुर अंतर्गत ग्राम बीलाखेडी, पिपरई अंतर्गत ग्राम मटोली में शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर में कनेक्शन संबंधी सेवाएं में नया कनेक्शन आवेदन, नाम परिवर्तन/भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, 5 रूपये में कनेक्शन योजना, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई रूप से विच्छेदन का आवेदन, ई-केवाईसी/अनापत्ति प्रमाण पत्र का निराकरण किया जायेगा। शिविर में गलत बिल, अधिक, बिल मीटर रीडिंग संबंधी शिकायते, डुप्लीकेट बिल,आंशिक भुगतान,अग्रिम भुगतान पर छूट, विद्युत अवरोध, बिजली लाईन संबंधी,सर्विस केबिल, पोल, वोल्टेज, ट्रिपिंग, वितरण ट्रासंफार्मर, बंद/खराब मीटर, मीटर तेज चलने,स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बिजली उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 संबंधी किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी बिजली वितरण केन्द्र/जोन अथवा कॉल सेन्टर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता से चोरी हुई भैंसें बरामद

गौवंश से भरी पिकअप पलटी, एक गौवंश की मौत, प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र में सोमवार देर रात गौवंश तस्करी और भैंस चोरी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया, जिसमें ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल चोरी हुई भैंसें बरामद हो गईं, बल्कि अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश को भी बचा लिया गया। हालांकि हादसे के दौरान एक गौवंश की मौत हो गई, जबकि गौवंश से भरी पिकअप वाहन पलटने के बाद उसमें आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि पिकअप सवार भाग निकले।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुल्तानिया निवासी जगदीश नागर पिता बलराम नागर की चार भैंसें सोमवार रात करीब 8 बजे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी और सोशल मीडिया तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों पर भैंस चोरी की खबर तेजी से प्रसारित की गई। देखते ही देखते आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण सक्रिय हो गए और भैंसों की तलाश शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने खुजनेर, धामंदा, रोजड़, घटिया, अरनिया, भैंसवा, टूटियां हेड़ी सहित कई गांवों के मार्गों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों और गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। ग्रामीण पूरी रात अलग-अलग मार्गों पर डटे रहे। क्षेत्र में बढ़ती हलचल की सूचना पुलिस प्रशासन को भी दी गई, जिसके बाद एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी,पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, लिमचौहान थाना प्रभारी गोविंद सिंह मीणा सहित आसपास के थानों की पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई।

पुलिस ने विभिन्न मार्गों और गांवों में तलाशी अभियान चलाया तथा संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि रात करीब 3 बजे सुल्तानिया के नाले की दिशा से चोरी हुई भैंसें वापस आती दिखाई दीं। ग्रामीणों ने उन्हें सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। वहीं क्षेत्र में यह भी जनचर्चा रही कि इसी दौरान खुजनेर की ओर से गौवंश से भरी एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 42 जी 4314 चिड़लवानिया की दिशा में जाती दिखाई दी। बताया गया कि वाहन में बड़ी संख्या में गौवंश भरा हुआ था। इसी बीच ग्राम धामंदा के समीप उक्त पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए वाहन में फंसे गौवंश को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कई गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन दुर्घटना में एक गौवंश की मौत हो गई और पिकअप सवार मौके से फरार हो गए। घटना के कुछ ही देर बाद पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलने लगा। आग लगने की घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती जाती तो चोरी हुई भैंसों का पता लगाना मुश्किल हो सकता था।

बोले जिम्मेदार

पचोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुल्तानिया से भैंस चोरी होने की सूचना मिली थी, जो बाद में बरामद हो गईं। इसी दौरान लिमचौहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामंदा के समीप एक पिकअप वाहन के पलटने और उसमें आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई। मामले की जांच की जा रही है।

गोविंद सिंह मीणा, थाना प्रभारी, लिमचौहान

रात के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में जांच

कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

जिला कलेक्टर द्वारा सोमवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर का औचक निरीक्षण किया लेकिन यह निरीक्षण अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय महज एक बंद कमरे की कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया ऐसा प्रतीत होता है! निरीक्षण के दौरान संवेदनहीनता की हद तो तब पार हो गई जब जिलाधीश ने आम जनमानस और मीडिया से दूरी बनाए रखी ।

इसके ठीक दूसरे दिन मंगलवार की सुबह अस्पताल के डॉक्टरों ने मानवता को शर्मसार करते हुए एक पेट दर्द से तड़पती हुई बुजुर्ग महिला को सिर्फ इसलिए इलाज देने से मना कर दिया क्योंकि ₹अभी सुबह के 9 नहीं बजे थे ।₹बंद कमरे में निरीक्षण, बाहर गुहार लगाती रही जनता सोमवार रात जैसे ही नगरवासियों को जिला कलेक्टर के आने की सूचना मिली, अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। नगरवासियों को उम्मीद थी कि साहब उनकी सुध लेंगे और अस्पताल में परमानेंट डॉक्टर व महिला डॉक्टर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेंगे।आश्चर्य की बात यह रही कि कलेक्टर साहब ने स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के साथ बंद कमरे में ही जानकारी ली। न तो मीडिया को अंदर जाने दिया गया और न ही पीड़ित जनता को अपनी बात रखने का मौका मिला। पैर पकड़े युवा ने पर बिना सुने निकल गए साहब, जिला कलेक्टर जब निरीक्षण कर बाहर निकले, तो जनभावनाओं की पूरी तरह अनदेखी करते हुए लोगों की बात सुने बिना ही अपनी गाड़ी की तरफ बढ़ने लगे । इसी बीच नगर के एक जागरूक युवा शिवलाल गुर्जर (पंडाजी) जो नगर की समस्याओं के लेकर सोशल मीडिया पर हमेशा मुखर होकर अपनी बात रखते है ने व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग करते हुए सीधे कलेक्टर साहब के पैर पकड़ लिए। युवक पैर पकड़कर अस्पताल की बदहाली दूर करने की भीख मांगता रहा, लेकिन साहब का दिल नहीं पसीजा और वे उसे दरकिनार कर गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए।

निरीक्षण का असरः अगले ही दिन सुबह 8:47 पर '9 बजने' का बहाना कलेक्टर के इस तथाकथित कड़े निरीक्षण की हवा अगले ही दिन मंगलवार सुबह ही निकल गई। लोधा मोहल्ला निवासी कैलाश लववंशी अपनी मां को गंभीर पेट दर्द की शिकायत होने पर सुबह ठीक 8:47 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जतिन शर्मा से जब मरीज के परिजन ने तुरंत इलाज शुरू करने की मिन्नतें की, तो डॉक्टर ने संवेदनहीन रवैया अपनाते हुए साफ कह दिया, ₹अभी सुबह के 9 नहीं बजे हैं, इलाज 9 बजे के बाद ही होगा।₹ परेशान परिजन ने डॉक्टर को अपनी जेब से प्राइवेट फीस देने तक की पेशकश की, लेकिन समय का हवाला देकर तड़पती महिला का इलाज शुरू नहीं किया गया। अंततः मजबूर होकर परिजन को अपनी मां की जान बचाने के लिए उन्हें किसी अन्य निजी अस्पताल ले जाना पड़ा।

जनता का सुलगता सवाल

यह कैसा निरीक्षण?कलेक्टर के औचक निरीक्षण के ठीक 12 घंटे बाद भी अगर डॉक्टरों का यह रवैया बरकरार है, तो जनता यह पूछने पर मजबूर है कि आखिर यह निरीक्षण किसके फायदे के लिए था? क्या अधिकारियों का दौरा सिर्फ फाइलों को दुरुस्त करने के लिए होता है या जमीन पर दम तोड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को जीवनदान देने के लिए?

इनका क्या कहना है

मेरे पास पहले से ही एक महिला पेशेंट थी जिसको में ईलाज कर रहा था मेने उन्हे ओपीडी समय तक रुकने के लिए बोला था पर वह प्राइवेट देखना चाह रहे थे।

जतिन शर्मा, ड्यूटी डॉक्टर

दवा विक्रेता संघ के बंद के दौरान जिले में जन औषधि केंद्र रहेंगे संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि 20 मई, 2026 को दवा विक्रेता संघ द्वारा आयोजित बंद के परिप्रेक्ष्य में जिले के सभी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र सामान्य रूप से संचालित रहेंगे।आम नागरिक इन केंद्रों से आवश्यक दवाइयाँ प्राप्त कर सकेंगे। जिले में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की जानकारी निम्नानुसार है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पचोर, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र तलेन, प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आवश्यकता पड़ने पर उक्त जन औषधि केंद्रों से निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

बड़ोदिया तालाब के काछीपुरा और पूरा में पहुंचा शुद्ध पेयजल

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्राम बड़ोदिया तालाब के काछीपुरा एवं पूरा क्षेत्र में बीते कई वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता था, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य पूर्ण कर योजना को सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। योजना के शुरू होने से दोनों बसाहटों के लगभग 650 लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। जल जीवन मिशन के माध्यम से गांवों में पेयजल सुविधा मजबूत होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है।

मजदूर के घर लगी आग, गेहूं व घरेलू सामान जलकर खाक

कुरावर। ग्राम लसूड़ल्य भामा में सोमवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच एक मजदूर के घर में अचानक आग लग गई। हादसे में घर में रखा वर्षभर का अनाज एवं घरेलू सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूर नारायण भारती के घर में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य कारण बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा करीब 15 से 20 क्विंटल गेहूं सहित घरेलू उपयोग का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद कुरावर की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित परिवार के अनुसार इस अग्निकांड में करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में कुरावर फायर कर्मचारी जितेंद्र विश्वकर्मा तथा रमेश रजक का विशेष योगदान रहा।

राजगढ़ कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

जीरापुर। राजगढ़ जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा लेखा शाखा में पहुंचे, जहां उन्होंने दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेज खंगालने की प्रक्रिया करीब 2 से 3 घंटे तक चली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल टीम के साथ विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ओटी रूम, ओपीडी ,पंजीयन कक्ष, डॉक्टर कक्ष, प्रसूता महिला कक्ष, जनरल वार्ड एवं लेब सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर टीकाकरण अधिकारी श्री भकोरिया, बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया, तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी एवं जनपद सीईओ रंजीतसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण राशि बरामद

फसल चोरी कर बेचने वाले 4 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी (कढर) द्वारा नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा फसल चोरी कर बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई फसल की बिक्री से प्राप्त संपूर्ण राशि 40,000 रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 06.04.2026 को फरियादी राधेश्याम पिता भोनीसिंह चोरसिया निवासी ग्राम उमरी द्वारा थाना बोडा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 19.02.2026 को ग्राम उमरी निवासी प्रताप चोरसिया, गिर्राज चोरसिया, राजेन्द्र एवं सुमेर चोरसिया उसके खेत से रायड़ा की फसल काटकर चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध क्रमांक 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण 1. प्रताप सिंह पिता भागचंद चोरसिया . गिरराज पिता प्रेमसिंह चोरसिया . राजेन्द्र पिता मोडसिंह चोरसिया . सुमेरसिंह पिता सर्जनसिंह चोरसिया से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा चोरी की गई फसल को 40,000 रुपये में बेचना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से फसल बिक्री की संपूर्ण राशि 40,000 रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत, सउनि समीर खान, सउनि मांगीलाल शिवहरे, आरक्षक दुष्यंत जाट, आरक्षक कपिल अटारिया, आरक्षक पर्वतसिंह रुहैला, आरक्षक सुनील सोलंकी एवं महिला आरक्षक सुमनसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने किए 2 आरोपी गिरफ्तार

बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता, तीन बाइक जब्त

राजगढ़। जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री अमित तोलानी (कढर) द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सतत निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण एवं आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ श्री अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम को दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर 03 चोरी की मोटर साइकिल एवं दोनों आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साइकिल बजाज कंपनी की सीटी हंड्रेड (कुल मशरुका 1,10,000) को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 10.05.2026 को फरियादी सुल्तानसिंह पिता शिवसिंह सौंधीया निवासी ग्राम करनपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी मोटर साइकिल क्रमांक टढ04टढ8785 होंडा शाइन ग्राम करेड़ी स्थित शराब के ठेके के सामने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। इस पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध क्रमांक 283/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार दिनांक 26.02.2026 को फरियादी राधेश्याम पिता रंगलाल तंवर निवासी ग्राम कांसी थाना कोतवाली राजगढ़ द्वारा मोटर साइकिल क्रमांक टढ39टश6295 होंडा शाइन कलेक्ट्रेड के सामने से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध क्रमांक 123/26, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। साथ ही एक अन्य फरियादी हरिशंकर पिता रामरंजन शर्मा निवासी हेडगेवार कॉलोनी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी बाइक होंडा शाइन हेडगेवार कॉलोनी से चोरी कर ले गया।

गर्मी के बीच बिजली संकट गहराया, विद्युत समस्याओं को लेकर विधायक ने प्रबंध संचालक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर में इन दिनों भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने के कारण आमजन गर्मी से बेहाल हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुलर, पंखे और एसी का सहारा लेने को मजबूर हैं, वहीं लगातार बढ़ते बिजली उपयोग के कारण विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। इसी बीच नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी बार-बार बिजली बंद होने से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों एवं मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से विद्युत व्यवस्था सुधार एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की जा रही है।

क्षेत्र में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए मंगलवार दोपहर क्षेत्रीय विधायक भोपाल पहुंचे और के प्रबंध संचालक से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने नरसिंहगढ़, कुरावर, बोड़ा, तलेन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती, मेंटेनेंस कार्यों में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं को मिल रहे बढ़े हुए बिजली बिलों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की। इस दौरान प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि समय रहते सभी व्यवस्थाओं में सुधार होगा।